हरिभूमि रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

5 राजिम मेले में मीना बाजार का भव्य आगाज...



6 जनगणना 2027 प्रश्नावली में ओबीसी...





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## राजिम कुंभ कल्प 2026 : आस्था, संस्कृति और पवित्रता का महासंगम शुरू

# संत समागम से ही समाज में आती है सुख-शांति : रमेन डेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम की पवित्र धरा पर राजिम कुंभ कल्प 2026 का शंखनाद रविवार को हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका ने दीप प्रज्वलित कर मेले का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान समूचा मेला परिसर साधु-संतों के आशीर्वाद और जय श्री राम के जयघोष से आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। मंच पर आसीन होने से पूर्व राज्यपाल श्री डेका ने भगवान श्री राजीवलोचन की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि राजिम की यह भूमि जहां महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का मिलन होता है, वह केवल भौगोलिक संगम नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और संत-महात्मा मौजूद थे। कहा कि इस पवित्र स्थल पर आयोजित मेला, जिसे श्रद्धालु कल्प कुंभ के नाम से जानते हैं, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर का प्रतीक है। महामहिम ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प के अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता और गौरव का अनुभव तथा पवित्र नगरी राजिम में आकर अत्यंत शांति महसूस हो रही है। कहा कि धर्म, आस्था और संस्कृति के इस संगम राजिम कुंभ मेले में देश के विभिन्न प्रांतों से आए साधु-संतों, श्रद्धालुजनों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं। मैं कुलेश्वर महादेव तथा श्री राजीव लोचन भगवान, राजिम भक्तिन माता से प्रार्थना करता हूं कि हमारे देश और प्रदेश पर अपना आशीर्वाद बनाये रखें जिससे यहां हमेशा सुख-शांति और खुशहाली कायम रहे। राजिम माघी पुन्नी मेला छत्तीसगढ़ की आस्था का प्रतीक है। यह एक ऐसा पावन आयोजन है जिसमें छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ-साथ देश भर के विभिन्न भागों से भी श्रद्धालुओं का आगमन होता है। राजिम प्राचीन समय से ही शैव और वैष्णव धर्म के केंद्र के रूप में विख्यात एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां राजीवलोचन मंदिर में भगवान विष्णु चतुर्भुज स्वरूप में विराजमान है।

**विभिन्न संस्कृतियों का होता है मिलन-** यहां भगवान शिव कुलेश्वर महादेव के रूप में विराजमान हैं। श्री डेका ने कहा कि कुलेश्वरनाथ महादेव, पटेश्वर नाथ महादेव, चंपेश्वर नाथ महादेव, बम्हनेश्वर नाथ, फनीकेश्वर महादेव और कोपेश्वर महादेव की पंचकोशी यात्रा विश्व प्रसिद्ध है। प्राचीन मंदिरों की बहुलता राजिम को पुरातात्विक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता प्रदान करती हैं। इन मंदिरों में मूर्ति कला के गौरवशाली इतिहास के दर्शन होते हैं। शास्त्रों में माघ के माह पुण्य माह माना गया है। माघ माह के इस पावन अवधि में सदियों से ही पवित्र नदियों एवं त्रिवेणी संगमों में पुण्य स्नान की परंपरा रही है। इस माह छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में मेले का आयोजन की ▶▶| शेष पेज 4 पर



### राजिम कुंभ कल्प मेला समाजिक समरसता, एकता का देता है संदेश

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने भगवान श्री राजीवलोचन एवं कुलेश्वर महादेव को श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया और कहा कि राजिम कुंभ कल्प पर्व हमारी सांस्कृतिक उत्सव परंपरा और लोक संस्कृति का जीवंत उत्सव है, जो समाज के मूल्यों को और अधिक प्रगाढ़ बनाता है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराएं आज विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। अपने स्थानीय परंपरा का सम्मान करना अत्यंत जरूरी है। आप सबके सहयोग से कुंभ कल्प पर्व सफल होगा। आयुक्त महादेव कावरे ने स्वागत भाषण में कहा कि त्रिवेणी संगम केवल नदियों की धाराओं का संगम नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह सामाजिक समरसता, एकता का संदेश देता है। संत राजीव लोचन महाराज ने कहा कि वर्ष 2006 से छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में पहचान बना चुके राजिम कुंभ कल्प मेला की यह पावन श्रृंखला वर्ष 2026 में पहुंची चुकी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेला आज पूरे देश को जोड़ने का कार्य कर रहा है और यह आयोजन भव्यता एवं दिव्यता के साथ निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। पं. युवराज पांडेय ने कहा कि कुंभ पर्व नासिक, हरिद्वार, प्रयागराज एवं उज्जैन जैसे पावन तीर्थों पर आयोजित होता है। राजिम कुंभ कल्प आज सम्पूर्ण भारतवर्ष में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। महानदी त्रिवेणी संगम के पावन तट पर आयोजित यह कुंभ कल्प मेला छत्तीसगढ़ की पहचान बन गया है। इस अवसर पर राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका राजिम अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका नवापारा की अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित साधु-संत, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



## राजिम कुंभ कल्प 2026 का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ महानदी के तट पर गूंजे जय श्री राम के जयकारे

राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका राजिम पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने भगवान श्री राजीवलोचन के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री डेका महानदी त्रिवेणी संगम तट पर आयोजित महानदी की महाआरती में शामिल हुए और विधि-विधान से आरती किया। महाआरती में जबलपुर से पधारी साध्वी प्रज्ञा भारती के सान्निध्य में 11 विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया। राज्यपाल श्री डेका सहित साधु-संतों ने अनुशासित एवं लयबद्ध ढंग से संपूर्ण विधि-विधान के साथ महानदी की आरती की। महाआरती के दौरान शंखनाद, कपूर, चंवर एवं आचमन के साथ जब एक साथ दीप प्रज्वलित हुए तो पूरा आरती घाट और मेला परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया। महाआरती के दौरान त्रिवेणी संगम तट पर उपस्थित श्रद्धालु जय-जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान करते नजर आए। महाआरती के दर्शन के लिए आरती घाट में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग लंबे समय से इस अलौकिक क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे। आरती घाट में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, राज्य गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कांवरे, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शातिर बदमाश गिरफ्तार रिमांड पर भेजा गया जेल

**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने क्षेत्र में चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धारा 111 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी राजू बंजारे उर्फ राजू पठान, पिता जवाहर बंजारे, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 7 अभनपुर को गिरफ्तार किया गया है। 1 फरवरी को दोपहर में मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बजरंग चौक अभनपुर में हाथ में तेज धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर थाना अभनपुर पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को मौके से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लोहे का धारदार बटनदार चाकू बरामद किया गया। बताया गया कि आरोपी पूर्व में हत्या एवं लूट जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है तथा हाल ही में जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस को देखकर उसका एक साथी राज रात्रे मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

### दाल-भात केंद्रों पर सुरक्षा की गुहार, महिला समूहों ने पुलिस प्रशासन से मांगी मदद

राजिम। राजिम कुंभ कल्प मेला में दाल-भात केंद्रों का संचालन कर रही महिला समूहों ने पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। महिला संचालकों का कहना है कि हर साल मेला अवधि के दौरान असामाजिक तत्वों और नशेड़ी युवकों द्वारा विवाद, हुज्जत और भुगतान को लेकर झगड़े की घटनाएं सामने आती रही हैं। महिलाओं के अनुसार, पूर्व वर्षों में भीड़भाड़ वाले दिनों और शाम के बाद कई बार ऐसी स्थिति बन चुकी है, जब भोजन करने के बाद लोग पैसा देने से बचते हैं या अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। इससे न केवल कार्य में बाधा आती है, बल्कि महिला सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। इसी अनुभव को देखते हुए इस वर्ष महिला समूहों ने पहले से ही मेला अधिकारी और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दाल-भात केंद्रों के आसपास शाम ▶▶| शेष पेज 4 पर

# गांव, गरीब, किसान का हो रहा तेजी से विकास : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। ग्राम खैरझिटी से कमारपारा (माय मोंगरा नाला) भेंडरी मार्ग पर 158 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया का भूमिपूजन विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस निर्माण से क्षेत्र के दर्जनों गांवों को बारहमासी सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने पूजा–अर्चना के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुलिया केवल कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्रगति का द्वार है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में गांव, गरीब और किसान की उन्नति हमारी प्राथमिकता है।विकसित भारत के सपने को धरातल पर उतारने के लिए हम ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहे हैं।

शिक्षा और स्वास्थ्य को मिलेगी गति-कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल डीडी ने कहा कि पुलिया बनने से बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियां दूर होंगी, जिससे विशेषकर स्कूली बच्चों और मरीजों को अस्पताल ले जाने में आसानी होगी। वहीं, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि सुरक्षित आवागमन ग्रामीणों का अधिकार है जिसे अब पूरा किया जा रहा है। भव्य स्वागत और जन-उत्साह ▶▶| शेष पेज 4 पर

# कांग्रेस का कलेक्टोरेट घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



मनरेगा को कमजोर किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने आंदोलन को और धार देने का ऐलान किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर में मनरेगा बचाओ संग्राम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 2 फरवरी 2026 को गरियाबंद जिले में कलेक्ट्रेट घेराव एवं विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस जंगी आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं गरियाबंद पहुंचकर शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर कांग्रेस संगठन में खासा उत्साह है और जिला तथा ब्लॉक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। कार्यकर्ताओं द्वारा दीपक बैज के स्वागत के लिए भी विशेष कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। कांग्रेस का आरोप है कि राज्य सरकार के कार्यकाल में मनरेगा के तहत मजदूरों को न तो समय पर काम मिल रहा है और न ही मजदूरी का भुगतान हो पा रहा है, जिससे ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। पार्टी का कहना है कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन सरकार की नीतियों और उदासीनता के कारण यह योजना लगातार कमजोर की जा रही है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा एवं प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक साथ कलेक्ट्रेट घेराव किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 2 फरवरी 2026 को गरियाबंद, 3 फरवरी को कवर्धा, 4 फरवरी को बालोद तथा 6 फरवरी 2026 को कांकेर में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। गरियाबंद में होने वाले कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम में राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने मनरेगा मजदूरों की समस्याओं काम की उपलब्धता, समय पर भुगतान तथा पारदर्शिता पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, तो फरवरी माह में आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। कुल मिलाकर गरियाबंद में प्रस्तावित यह आंदोलन कांग्रेस के लिए शक्ति प्रदर्शन के साथ-साथ मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने का बड़ा मंच बनने जा रहा है।

### जयंती पर माता शाकंभरी की निकाली गई रथयात्रा

**अभनपुर।** खोरपा में ग्राम मरार पटेल समाज द्वारा ईष्ट देवी शाकंभरी माता की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से की गई, जिसके पश्चात शाकंभरी माता की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के दौरान समाज की महिलाओं ने शाक-सब्जियों से सजे कलश धारण कर गांव के प्रमुख चौक-चौराहों में भ्रमण किया। इस अवसर पर समाज द्वारा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष से समाज में आयोजनों हेतु आहता निर्माण की मांग भी रखी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खेलूराम साहू रहे। वहीं अभनपुर राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल, सह सचिव ईश्वर पटेल, ग्राम अध्यक्ष डॉ. मधुसूदन पटेल, उपाध्यक्ष महादेव पटेल, सरपंच मीना चम्मन ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू ने कहा कि मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सराहनीय है। समाज की मांगों को देखते हुए उन्होंने आहता निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा की।राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि शाकंभरी माता हमारी संस्कृति और परंपरा की प्रतीक हैं।



## खबर संक्षेप

### भोमेश एफएमजीई परीक्षा में रहे सफल

**झलप।** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा दिसंबर 2025 में आयोजित एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) परीक्षा में



नरतोरा निवासी छविंद्र पटेल के सुपुत्र भोमेश पटेल ने 182 अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली, विदेशों से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भारतीय मानकों के हिसाब से ढालने के लिए ये परीक्षा आयोजित की जाती है। भोमेश ने अपने दादा टूकलाल पटेल, पिता छबिंद्र पटेल, माता किरण पटेल, को अपनी सफलता का श्रेय दिया। जिला संगठन प्रभारी महासमुंद पुरुषोत्तम पटेल (फूफा), केंद्रीय अध्यक्ष उषा पटेल, नैन पटेल (मामा) सभापति जिला पंचायत एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

### बागबाहरा कबड्डी प्रतियोगिता 6 से

**बागबाहरा।** नगर में अखिल भारतीय महिला पुरुष कबड्डी विगत 5 वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक जय चण्डी खेल कला क्लब तत्वाधान में जैन मंदिर प्रांगण स्टेशन चौक के समीप किया जा रहा है। समिति के सदस्य उदय चंदेल दीपक यादव ने बताया कि नगर में 6 फरवरी शुक्रवार से राज्यस्तरीय महिला पुरुष वर्ग कबड्डी महोत्सव आयोजित होने जा रहा है. इसमें राज्य जिले सहित अन्य प्रदेशों से भर से 35-40 से अधिक टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए 2 कोर्ट तैयार किए गए हैं और सभी मैच शाम 6 बजे से शुरू होंगे, फाइनल मैच शाम को खेला जाएगा।

## निधन

### हेमंत पटेल

**मैनपुर।** मैनपुर हरदीभाठा निवासी हेमंत पटेल उम्र लगभग 48 वर्ष का रविवार निधन हो गया। उनका



अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लंबे समय तक प्रतिष्ठित अखबारों में संवाददाता के रूप में अपना सेवा देते हुए क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं को अखबार के माध्यम से उठाकर शासन प्रशासन के बीच में लाकर समाधान करने में उनका योगदान रहा है।

## बजट : केन्द्रीय बजट पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया

# केन्द्रीय बजट को भाजपा नेताओं ने बताया विकसित भारत की बुनियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

चुनौतियों के बीच विकसित भारत के संकल्प के साथ आज देश के वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया है जिसका सीधा प्रसारण मैनपुर, गोहरापदर, अमलीपदर, कांदाडोंगर, देवभोग, बिन्द्रानवागढ़ में टीवी के माध्यम से देखा गया और भाजपा नेताओं ने इस बजट को विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा, व्यापारी एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखता है। भाजपा मंडल मैनपुर के अध्यक्ष संतोश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुरदर्शी नेतृत्व में तथा वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट देश के समग्र, समवेशी एंव सतत विकास के दिशा मे एक ऐतिहासिक पहल है यह बजट शिक्षा, रोजगार, तकनीक, स्वास्थ्य, ग्रामोद्योग, पर्यटन एंव आधारभूत संरचना जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रे में देश को नई उचाईयों तक ले जाने वाला सिद्ध होगा। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने केंद्रीय बजट को गरीब, किसान और पिछड़े वर्ग के हित में बताया उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तुत होने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब और किसान का विकास है प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल बीमा योजना और सस्ती ऋण व्यवस्था जैसे प्रावधान किए गए हैं, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा नेत्री श्रीमती नंदनी नेताम ने कहा कि यह बजट गरीब वर्ग के लिए आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़े प्रावधान सामाजिक न्याय की दिशा में मजबूत कदम हैं, इन योजनाओं से पिछड़े और कमजोर वर्ग के जीवन स्तर में सुधार होगा, बजट केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि आम आदमी के भविष्य को सुरक्षित करने वाला बजट है, उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम गांव और गरीब तक दिखाई देंगे।



### योजनाओं से पिछड़े और कमजोर वर्ग के जीवन स्तर में सुधार



भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य पुनीत राम सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है यह बजट गरीब, किसान, महिला, युवा, व्यापारी एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखता है। भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा कि केन्द्रीय बजट में प्रधानमंत्री मोदी ने यह साबित कर दिया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नह बल्कि हमारी सरकारी की दृढ़ प्रतिबधता है, उन्होने कहा कि यह बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है और बहुत ही अच्छा बजट है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एंव जनपद सभापति देवेन्द्र ठाकुर ने कहा कि यह बजट अपने आप में एक ऐतिहासिक बजट है, बजट समाज के हर वर्ग हर क्षेत्र और हर नागरिक को सशक्त बनाने के लिए एक व्यापक खाका प्रस्तुत करता है।

# विधायक की अनुशंसा पर जिले के स्कूलों के लिए 95 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के लगातारों प्रयासों से क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए नित निरंतर सौगातें मिल रही हैं। इसी क्रम में जिले के राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के अनेक स्कूल भवनों की स्वीकृति विधायक रोहित साहू की अनुशंसा से प्राप्त हुई है जिससे शिक्षा जगत में उत्साह की नई लहर दौड़ गई है। विधायक साहू की विशेष अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ शासन ने गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूल भवनों के निर्माण के लिए भारी-भरकम राशि की स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक स्कूलों के लिए 11.84 लाख रुपए की राशि स्वीकृति हुई है जिसमें राजिम विधानसभा क्षेत्र के तीन स्कूल भवनों क्रमशः माध्यमिक विद्यालय डिपरापारा लोहरसी विकासखंड फिंगेश्वर, माध्यमिक विद्यालय रजकट्टी विकासखंड फिंगेश्वर तथा माध्यमिक विद्यालय हरदी विकासखंड गरियाबंद हेतु कुल 35.49 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। इसी प्रकार मैनपुर ब्लॉक के माध्यमिक विद्यालय गोना, तौरेंगा और गोपालपुर, देवभोग ब्लॉक के माध्यमिक विद्यालय डूमरपीटा तथा छुरा ब्लॉक के माध्यमिक विद्यालय हीराबतर हेतु प्रत्येक के लिए 11.84 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के स्कूल भवनों के लिए 59.2 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। दोनों विधानसभा क्षेत्र मिलाकर कुल स्वीकृति 94.69 लाख रुपए शामिल हैं। लंबे समय से क्षेत्र के कई स्कूलों में जर्जर भवनों और कमरों की कमी के कारण छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

### जिले के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों में भारी उत्साह

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र का विकास और नौनिहालों का भविष्य मेरी प्राथमिकता है। अच्छे वातावरण में ही अच्छी शिक्षा संभव है। मैं



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने राजिम विधानसभा सहित गरियाबंद जिले के बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए इस बजट को मंजूरी दी। इस घोषणा के बाद गरियाबंद जिले के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक के इस सक्रिय कदम की सराहना करते हुए इसे राजिम विधानसभा के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

# बजट को भाजपा ने बताया भविष्य की नींव, कांग्रेस ने कहा आम जनता से छल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को लेकर गरियाबंद में सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने बजट पर एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत प्रतिक्रियाएँ दी हैं। जहाँ भाजपा ने इसे भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव और विकास की नई इबारत बताया है, वहीं कांग्रेस ने बजट को निराशाजनक बताते हुए आम जनता के साथ छल करार दिया है।



भाजपा नेता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट जन-आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें सार्वजनिक निवेश को मजबूती, वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ कृषि, ग्रामीण विकास, उद्योग और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा।

गफ्फू मेमन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर लगभग सात प्रतिशत की विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह बजट आयुष, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, जलमार्ग, हाई-स्पीड रेल, मेडिकल टूरिज्म, बायोफार्मा निवेश तथा शहरी और ग्रामीण अधोसंरचना के विस्तार के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के लिए समावेशी विकास की गारंटी है और इससे राज्य को भी विकास की नई दिशा मिलेगी। गफ्फू मेमन ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।



**आम जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं–** वहीं कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष हरमेश चावड़ा ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार का यह आम बजट नई बोतल में पुरानी शराब जैसा है। उन्होंने कहा कि बजट से जनता में निराशा का माहौल है और यह साफ संकेत देता है कि सरकार एक बार फिर ऋण पर निर्भर रहने की तैयारी में है, जबकि आम जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि बजट की दिशा और दशा शेयर बाजार की गिरावट से भी साफ झलकती है। हरमेश चावड़ा ने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए कोई नई योजना नहीं लाई गई है और कृषि क्षेत्र को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन को लेकर भी कोई ठोस समाधान नहीं दिखता, जिससे बेरोजगारी की समस्या और गंभीर हो सकती है। महंगाई से राहत के लिए भी बजट में कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है, जिससे आम आदमी की परेशानियाँ जस की तस बनी रहेंगी।

# साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति का निशुल्क भोग भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के निशुल्क भोग भंडारा में माघ पूर्णिमा के पहला दिवस हजारो श्रद्धालुओं ने चांवल, कढ़ी, आलू चना का आनंद लिया। पहला दिवस का आयोजन समिति के अध्यक्ष लाला साहू द्वारा अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में किया गया। बता दें कि साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा सर्व समाज के सहयोग से यह निशुल्क भोग भंडारा पूरे 15 दिन महाशिवरात्रि तक नदी के बीच चलेगा। लाला साहू ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सदभावना और आपसी प्रेम की भावना को सुदृढ़ करना है। राजिम कुंभ मेला सेवा और श्रद्धा का महापर्व है। सर्वसुविधायुक्त पंडाल में श्रद्धालुओं को सेवा भावना के साथ स्वादिष्ट एवं शुद्ध भोजन कराया जाता है। आयोजन में विधायक रोहित साहू का बहुत बड़ा योगदान है। श्री साहू ने बताया कि शानदार पंडाल कलेक्टर बीएस उईके एसडीएम विशाल महाराणा द्वारा उपलब्ध कराया गया लिहाजा उनके प्रति समाज के लोगो ने आभार व्यक्त किया है। माघ पूर्णिमा के दिन भोग भंडारे के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, नंदकिशोर शर्मा, मेहत्तरु साहू, डॉ. रामकुमार साहू, ईश्वरी साहू, रविशंकर साहू, रामकुमार साहू, नूतन साहू, बलराम साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। खास बात यह है कि भोजन प्रसादी वितरण करने के पहले सर्वप्रथम राजिम भक्ति माता की पूजा-अर्चना एवं आरती होती है। पहुंचे हुए अतिथियों का पुष्पमाला, गुलाल एवं चंदन से स्वागत किया जाता है। इस भोग भंडारे में सभी समाज, सभी धर्म के लोगो को बड़े प्रेम के साथ बिठाकर भोजन कराया जाता है। चाहे वह कोई भी जिले से किसी भी प्रदेश से पहुंचे होते है। यहां का भोजन काफी स्वादिष्ट बनता है।

# कुंभ मेले में यातायात सुरक्षा समापन में सम्मानित हुए शीतल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सड़क सुरक्षा माह वर्ष-2026 का समापन समारोह राजिम कुंभ मेला में किया गया जिसमें यातायात में जन जागृति के लिए एवं जन सहयोग अच्छे कार्य के लिए नगर के समाजसेवी सड़क सुरक्षा मितान शीतल ध्रुव को सम्मानित किया गया 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली एवं राज्य शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह वर्ष 2026 का आयोजन गरियाबंद जिले में किया गया जिसके अंतर्गत वाहन चालकों में जन जागरूकता युवाओं में जन जागरूकता स्कूलों में एवं महाविद्यालय के छात्र छात्रों में जन



जागरूकता एवं रैली के साथ विविध आयोजन में शीतल ध्रुव द्वारा दिए गए समयदान एवं योगदान के लिए उन्हें समापन समारोह कार्यक्रम कुंभ मेला पुराना मुख्य मंच राजीव लोचन मंदिर के सामने मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर बीएस उइके, अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, विशेष अतिथि प्रखर चंद्राकर जिला सीईओ मंचासीन रहे। सम्मानित किए जाने पर यशवंत यादव अध्यक्ष जिला भारोत्तोलन संघ, हीरालाल साहू साहित्यकार, मिथिलेश सिंह, योगाचार्य पुनीत ठाकुर, युवा नेता रूपनाथ बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष उप सरपंच संघ शिव ठाकुर, रोमन ठाकुर, संजय ध्रुव, अनिल पांडे, मानसिंह निषाद, तोकेश्वरी मांझी, पूर्व जनपद अध्यक्ष निखिल साहू, चित्ररेखा ध्रुव, पार्षद गरिमा ध्रुव पार्षद आदि ने बधाई दी है।

# स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर बचाई सरपंच की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शिक्षा विभाग एवं प.रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशन पर कचना धुरुवा महाविद्यालय छुरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना पुरूष एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में समीपस्थ ग्राम मूढ़ीपानी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात योगाभ्यास एवं सूर्य नमस्कार की कक्षाएं आयोजित की गई। शिविर कार्य योजना अंतर्गत स्वयंसेवकों को मार्च पास्ट एवं ड्रिल के गुण सिखाए गए। रासेयो स्वयंसेवकों के द्वारा जनजागरूकता रैली का आयोजन शिविर स्थल से ग्राम के मुख्य मार्गों पर जनजागरूकता नारों के साथ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आरआर कुर्रे के निर्देशन में नशा उन्मूलन एवं सामाजिक समरसता विषयों पर परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। वहीं





आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र मुढ़ी पानी के चिकित्सक डॉ लाल सिंग हुड्डा द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दिए गए। ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच लता नागेश को स्वयं सेवक गोकुल ध्रुव, ख़ेमीन पटेल और संजय ने जिला मुख्यालय गरियाबंद जाकर तत्काल रक्त दान किया सरपंच को स्वास्थ्य लाभ में राहत मिली। जिसमें ग्राम की गणमान्य नागरिक उपसरपंच सीमा गुप्ता, कृष्णकुमार गुप्ता, सेवानिवृत शिक्षक डीआर नागेश, ग़म सिंग,मुक्तेश्वर दीवान द्वारा सार्थक विचार व्यक्त किए गए। शासन द्वारा संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं जैसे-बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, साक्षरता, शिक्षा का महत्व, मतदाता जागरूकता आदि विषयों पर ग्राम में जनसम्पर्क अभियान किया गया। समग्र स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल की साफ-सफाई उपरान्त स्वयंसेवकों ने शिविर में सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया है। शिविर संचालन में नियुक्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आर आर कुर्रे, टीके निर्मलकर, प्राध्यापिका एन. यादव मेडम, सहायक प्राध्यापक विनोद यादव, डुमेश्वर यदु, पूर्व स्वयं सेवक पोखन ठाकुर, दाऊ लाल, रेखाचंद साहू, ग्रामीण गणमान्यजन, शिविर के स्वयंसेवक तथा प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

# सकल हिंदू समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना चाहिए : रूपेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सकल हिंदू जागरण समिति मंडल फिंगेश्वर के तत्वाधान में समता क्लब मैदान फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से 28 जनवरी 2026 दिन बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम सकल हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरा होने पर तथा अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का एक वर्ष पूरा होने पर यह आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत श्री उमेशानंद गिरि जी महाराज प्रांतीय अध्यक्ष अखाड़ा परिषद मा तारिणी आश्रम थे। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती विनीता शर्मा दीदी जिला संयोजिका मातृशक्ति विश्व हिंदू परिषद जिला गरियाबंद रही। प्रमुख वक्ता के रूप में रूपेंद्र साहू सामाजिक सद्भाव प्रमुख विभाग राजिम थे। अन्य अतिथियों में प्रेम साहू जिला संचालक गरियाबंद तथा डॉ. चंद्रशेखर हरित अध्यक्ष श्री पंचकोशी धाम आदर्श



गौशाला फिंगेश्वर तथा अशोक साहू खंड संचालक थे। कार्यक्रम का संचालन विशाल हिंदू सम्मेलन के संयोजक रामू राम साहू ने किया। अतिथियों द्वारा मां भारती भगवान श्रीराम जी तथा स्वामी विवेकानंद के चित्रें पर पूजा अर्चना का भारत माता की आरती के साथ शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंच में अतिथियों का परिचय तथा स्वागत फूल माला शाल श्रीफल एवं तिलक लगाकर किया गया। मुख्य अतिथि संत उमेशा नंद गिरि महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज को आज हिंदू समाज को तोड़ने का कुचक्र चल रहा है उन्होंने कहा कि इससे सभी हिंदू समाज को सचेत रहने की आवश्यकता है।्र

उक्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रूपेंद्र साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100 वर्ष पूर्ण हुआ है। सन-1925 में डॉक्टर हेडगेवार द्वारा कुछ लोगों को लेकर इस संस्था का स्थापना किया गया था उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विशाल हिंदू सम्मेलन के संयोजक रामू राम साहू,खंड संचालक अशोक साहू दिलीप निषाद, डॉ चंद्रशेखर हरित, वरिष्ठ नेता भागवत हरित, भूपेंद्र साहू, वेद राम नंदे, ललित कुमार डड़सेना ओम निषाद, प्राचार्य दीपक शुक्ला, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष हरित, लक्ष्मी नारायण सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एचएल साहू, ओम प्रकाश यादव, उत्तम राजवंशी, टोकेश साहू, तुलाराम साहू, पदमा यदु, अनीता शर्मा, मोहन शर्मा, शीतल साहू, डॉक्टर संतराम साहू देवेंद्र घेवरिया, सत्येंद्र साहू, अशोक साहू, मुकेश साहू, चिंता राम साहू, भोपाल सिंन्हा, हरिशंकर श्रीवास्तव हर नारायण सूर्यवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## पेज 3 के शेष...

### संत समागम...

प्राचीन परंपरा रही है। मेलों का विशेष सामाजिक और सामुदायिक महत्व है। इनमें विभिन्न संस्कृतियों का मिलन होता है। इनके माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिलता है। आज यहां राजिम मेले में पधारे समस्त संतों, विद्वानों और धर्मगुरूओं को प्रणाम करता हूं। भारत साधु संतों की भूमि रही है।

### दाल-भात केंद्रों पर ...

से बंद होने तक पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जाए। उनका कहना है कि पुलिस की मौजूदगी से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा और विवाद की घटनाओं में कमी आएगी। महिला संचालकों ने स्पष्ट किया कि वे सेवा भाव से श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों को सस्ता भोजन उपलब्ध करा रही हैं। ऐसे में सुरक्षित माहौल मिलना जरूरी है, ताकि वे बिना डर के अपना कार्य कर सकें। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि पिछले वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए इस बार पहले से पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

### गांव, गरीब, किसान...

भूमिपूजन के अवसर पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत बाजा-गाजा, पारंपरिक राउत नाचा और आतिशबाजी के साथ भव्य रूप से किया। कार्यक्रम को भाजपा युवा नेता राजू साहू, मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, जनपद सदस्य चंपेश्वरी चोवा ध्रुव, सरपंच योगेश्वरी दिनेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आभार सियाराम ध्रुव जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति ने किया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री भुवन साहू, प्रेम टोंडर, नेतराम साहू, यशवंत साहू, कृष्णकुमार ध्रुव, चंद्रशेखर ध्रुव, तोरण पटेल, रामकिशन साहू सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### भसेरा सहकारी समिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

फिंगेश्वर। प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी भसेरा में अध्यक्ष ईश्वर साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र के लिए संविधान की आवश्यकता होती है बिना संविधान के कोई भी राष्ट्र नहीं चल सकता इसलिए भारत की आजादी के बाद 26 जनवरी सन-1950 को संविधान बना जिसका पालन आज पूरा देश कर रहा है जितनी स्वंत्रता आवश्यक है उतना ही संविधान भी आवश्यक है। सभी लोग संविधान का पालन करते हुए देश का एक सच्चे नागरिक का परिचय देवे। पर्व की आप सभी को बधाई। इस अवसर पर नारायण साहू, घनश्याम साहू, रमेश साहू, हेमंत साहू, मानसिंह साहू, दीपक ध्रुव, छविराम ध्रुव, पुरुषोत्तम तिवारी, रमेश साहू, सोमन ध्रुव, घनश्याम साहू, महेश साहू, नागेश्वर साहू, मुकेश साहू, संतराम साहू समिति प्रबंधक सतीश वर्मा, युगल किशोर साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं समिति के समस्त हेमाल एवं किसान भाई अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रहे छात्रों का हुआ सम्मान



छुरा। मॉडल यूथ ग्राम सभा में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राचार्य की 29 जनवरी, 2026 को विद्यालय में वापसी पर गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। जब प्रतिभागियों को लेकर बस विद्यालय पहुंची, तो गेट से ही सभी को फूल माला पहनाकर, ढोल-बाजा बजाते हुए एवं जयकारा लगाते हुए स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियां जाहिर कीं। पूरे विद्यालय परिसर में इस अवसर पर हर्ष, गौरव एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा के विद्यार्थियों ने पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित मॉडल यूथ ग्राम सभा प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विद्यालय को ₹1 करोड़ की पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह 28 जनवरी, 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से चयनित विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यालय के कुल 30 विद्यार्थियों ने इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे निर्णायक मंडल एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। प्राचार्य महोदय ने पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं प्रस्तुति को अनुशासित एवं प्रभावशाली स्वरूप प्रदान करने में शारीरिक शिक्षा के दोनों शिक्षकों सुनील बोरकर एवं दुर्गा चंद्राकर की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उनकी विशेष सराहना की।

# राजिम मेले में मीना बाजार का भव्य आगाज, झूलों और स्टॉलों से सजी मेले की रंगत

**नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव और जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने किया उद्घाटन**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम मेले में लगे आकर्षक मीना बाजार का उदघाटन रविवार की शाम राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं फिंगेश्वर जनपद पंचायत की महिला अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उदघाटन के साथ ही मेला परिसर में उत्सव और उल्लास का माहौल बन गया। पश्चात दोनों जनप्रतिनिधियों ने मेला परिसर का भ्रमण किया और झूलों का आनंद लेने के साथ-साथ मेला बाजार में लगे विविध स्टॉलों व जीवनोपयोगी संसाधनों का अवलोकन किया। कहा कि राजिम मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है और मेला बाजार से स्थानीय व्यापारियों, कारीगरों व छोटे व्यवसायियों को रोजगार के अवसर मिलते हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि मेला बाजार आमजन के लिए मनोरंजन के साथ-साथ खरीदारी का बेहतर मंच है, वहीं जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। मेला बाजार में बच्चों के लिए आकर्षक झूले, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खिलौने, श्रृंगार सामग्री और खानपान के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उदघाटन अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, विधायक रोहित साहू के पीए किशोर साहू, पार्षद तुषार कदम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में मेला प्रेमी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**समस्या : नरक जैसी गंदगी के बीच रहने को मजबूर 500 आदिवासी छात्र, कलेक्टर के आदेश की भी अवहेलना**

# चार छात्रावास परिसरों में फैला कीचड़ व दुर्गंध ब्लॉक कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बालक,कन्या आश्रम छात्रवास परिसर में कीचड़ और गदंगी और उससे उठने वाले दुर्गंध के कारण मच्छर पनपने से अब आश्रम में पढ़ाई करने वाले बच्चे बीमारी के शिकार होने लगे है, लगातार इस समस्या का समाधान के मांग करने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, सैकड़ों आदिवासी बच्चों के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और तो और बजबजाती इस गंदी कीचड़ के आसपास बच्चे माध्यन भोजन व भोजन करने मजबूर हो रहे है, लेकिन यह सब संबधित विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आ रही है, शायद विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई बड़ी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है, गरियाबंद जिला के कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देश के बावजूद आश्रम परिसर से गदंगी और पानी को बाहर निकालने के लिए स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया और तो और एक तरह से कलेक्टर के आदेश का संबधित अधिकारियों द्वारा सीधा अवहेलना किया जा रहा है। मैनपुर नगर के इस परिसर में पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रवास, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रवास, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास एंव आदिवासी बालक आश्रम कुल 04 आश्रम छात्रवास संचालित हो रहा है आश्रम परिसर में पिछले एक साल से चारो तरफ कीचड़ गंदा पानी भर गया है स्थिति यह है कि बच्चे इस कीचड और गदंगी को पैदल पार कर स्कूल आने जाने के लिए मजबूर हो रहे है और माध्यन भोजन रसोई का पानी इसी में मिल जाने के कारण इस कीचड़ और गंदगी से बेहद खतरनाक दुर्गंध बदबू आ रही है जंहा 05 मिनट भी ठहरना मुश्किल हो गया है और इस सबसे के बावजूद 500 से ज्यादा आदिवासी बच्चे इस परिसर में पढाई कर रहे है परिसर में कीचड़ और गदंगी भर जाने से खेलकुद सारी गतिविधियॉ भी बंद हो गई है और इसी के बीच बच्चे दिनभर रहते है जिसके कारण सर्दी, खांसी, बुखार के संख्या बढ़ती जा रही है आए दिनो यहा के बच्चे अस्पताल में ईलाज कराते दिखाई दे रहे है, बावजूद इसके इस समस्या के समाधान के लिए संबधित विभाग और स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई कदम नहीं उठाने से अब ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया गया है ब्लॉक कांग्रेस के मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बताया कि 24 घंटे के भीतर यदि कीचड़ गंदगी आश्रम परिसर से बाहर निकालने व्यवस्था नहीं किया गया तो मजबूरन युवा कांग्रेस आंदोलन करेगी और कीचड़ और गदंगी में मुख्यमंत्री और संबधित मंत्रियों का फोटो लगाकर प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।



**बजट नहीं है**

आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल ने बताया कि वर्तमान में कीचड और गदंगी सफाई के साथ नाली निर्माण के लिए बजट नहीं है बजट आने पर ही इस समस्या का समाधान होगा।



**संबधित विभाग के अफसरों के द्वारा सरकार की छवि धुमिल करने का प्रयास**

आश्रम परिसर में व्याप्त कीचड और गदंगी को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ट्रायबल विभाग के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया जा चुका है और अधिकारी स्वंय निरीक्षण कर इस समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया भी लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया। एक तरफ प्रदेश के भाजपा सरकार गांव गरीब किसान और सभी वर्गो के लिए विकास की गंगा बहा रही है। हर जगह विकास कार्य दिखाई दे रहा है लेकिन आश्रम परिसर में व्याप्त गंदगी को देखकर ऐसा लगता है कि संबधित विभाग के अफसर सरकार की छवी को धुमिल करने का प्रयास कर रहे है।

# परसदाकला के व्याख्याता गिरवर यादव जिला स्तर पर सम्मानित कलेक्टर ने दिया प्रशस्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला विकासखंड फिंगेश्वर में कार्यरत व्याख्याता गिरवर यादव को कलेक्टर बी एस उईके के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गिरवर यादव व्याख्याता जो की रसायन शास्त्र के अध्यापन के साथ–साथ एच डब्लू बी स्काउट मास्टर है और अपने विद्यालय में सक्रिय स्काऊटर के रूप में दल संचालन करते हैं एवं अपने विद्यालय की स्काऊट छात्रें को प्रतिवर्ष राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित करवाने में अहम भूमिका निभाते हैं, विभिन्न हाईक एवं शिविरों में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित कराते हैं। उक्त राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट को बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस से लाभान्वित कराने में अहम भूमिका रहती है,इसके अतिरिक्त विद्यालय में शारीरिक व्यायाम,योगा,स्वच्छता एवं गार्डनिंग के क्षेत्र में विशेष कार्य करते रहते हैं। इस सत्र उन्नीसवीं नेशनल स्काउट जंबूरी लखनऊ उत्तरप्रदेश एवं प्रथम रोवर रेंजर नेशनल जंबूरी दूधली बालोद छत्तीसगढ़ में जिला के स्काउट दल प्रभारी का दायित्व निभाकर जिला को नेशनल जंबूरी में उत्कृष्ट स्थान प्रदान कराने मे विशेष योगदान रहा है, इस उपलब्धि पर कलेक्टर बी एस उईके के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर,जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, जिला सचिव रोमन लाल साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट,आशीष साहू,संस्था प्राचार्य नारायण सिंह ठाकुर,जन भागीदारी अध्यक्ष बालिक राम साहू सरपंच गणेश राम साहू, विधायक प्रतिनिधि रवि साहू पूर्व जनपद सदस्य नेमीचंद देवांगन व्याख्याता एम दास,ए कश्यप, ए अंसारी,एच देवांगन,वाय के साहू,समन्वयक टोकेश साहू,संगीता साहू, जनपद सदस्य नंदू राम यादव,शिक्षक संतराम यादव, शिक्षिका श्रीमती दिव्यारानी यादव,वेद प्रकाश यादव साकेत यादव,तेज प्रकाश यादव,मानसी यादव जीविधा यादव रोशनी यादव श्रुति यादव ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जयंती, सेवा और समरसता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में महान समाज सुधारक और आध्यात्मिक संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में अमूल्य योगदान दिया। उनकी वाणी और विचार आज भी हमें ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देते हैं। उनका प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा आज के समय में भी नैतिकता और शुद्ध आचरण का सबसे बड़ा मंत्र है। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने अंत्योदय और जनकल्याण पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा सरकार संत रविदास जी के 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को साकार कर रही है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति (अंत्योदय) को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। संत रविदास जी की जीवनी और उनके भजनों का स्मरण समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा उत्तम राजवंशी, महामंत्री चैन सिंह कश्यप, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुमित पारख , मंडल अध्यक्ष बिन्द्रानवागढ़ धनराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री बिन्द्रानवागढ़ धनंजय नेताम, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, बिंदु सिन्हा, बलदेव सिंह हुंदल, अनूप भोंसले, नंदास्वामी, पारस ठाकुर, उत्तम राजवंशी, चैनसिंह कश्यप, फारुख चौधरी, इतवारी राम देवांगन, रेणुका साहू, पुष्पा साहू, मंजरी गुप्ता, प्रियंका सोनी, संजू साहू, विष्णु मरकाम, अमित वखारिया, रवि चंद्राकर, पप्पू ठाकुर, मानव निर्मलकर, राज डे, अमर सिंह ठाकुर, भीम निषाद इत्यादि उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के बजट में सबका साथ सबका विकास का पैगाम : रामूराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




1 फरवरी को देश के केन्द्र सरकार के द्वारा बजट पेश किया गया जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ ने हर्ष जताया वहीं पर भाजपा के वरिष्ट नेता रामूराम साहू ने संबका साथ सबका विकास वाला बजट बताया।

केंद्र सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किया गया जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला गरियाबंद के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधानसभा संयोजक कमल वाहिनी रामू राम साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की बजट निर्मला सीतारमण केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा घोषित किया गया जो की सर्वहितकारी तथा देश को विकास की ऊंचाई पर ले जाने वाली बजट बताते हुए बजट का स्वागत किया गया है। रामू राम साहू ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित बजट में सब का साथ सबका विकास वाला बजट पेश किया गया है बजट पर श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बजट से विकास का रफ्तार तेज होगा केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुगर एवं कैंसर की दवाइयां को सस्ती होने की घोषणा की साथ ही जूते एवं लेदर के समान को सस्ता होना मोबाइल बैटरी सस्ते होगी सोलर पैनल सस्ता होने के साथ–साथ गरीब किसानों के आए में बढ़ोतरी होने की घोषणा की रामू राम साहू ने कहा कि केंद्रीय मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट में 12 लाख 75000 रुपए तक के इनकम टैक्स फ्री की घोषणा की है जो निम्न मध्यम वर्ग की परिवार के लिए काफी राहत एवं फायदेमंद हैं। बजट में घोषित 500 नए बड़ा तालाब पांच नए यूनिवर्सिटी टाउनशिप खोली जाएगी, 20000 पर्यटन स्थल पर 10000 गाइड बनाए जाएंगें। देश के विकास के लिए साथ में 7 स्पीड रेल गाड़ी, रेल कारीडोर बनाए जाएंगें। जूते एवं लेदर के सामान सस्ते होंगे। बजट मे उपरोक्त लाभ के अतिरिक्त अनेक जनहित कारी निम्न एवं मध्यम वर्गी परिवार के विकास हेतु बजट में प्रावधान किया गया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ,भाजपा मंडल फिंगेश्वर के मंडल अध्यक्ष मंजू हरित महामंत्री भुवन लाल साहू, प्रेमलाल टोडर, मंत्री तुलाराम साहू, चैत्ररा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच रबि साहू, किसान मोर्चा के किसन निषाद, प्रभु लाल सिन्हा, विसे लाल साहू, भुवनेश्वर साहू, किरण सोनी, महेश साहू, गेंदलाल शामिल थे।

### बस्तर के भूगोल व संस्कृति से रूबरू हुए फिंगेश्वर महाविद्यालय के छात्र



फिंगेश्वर। फणीकेश्वरनाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर के संस्था प्रमुख के मार्गदर्शन में कला,वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को भौगोलिक, पर्यावरणीय, व्यवहारिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान का प्रत्यक्ष अनुभव कराने तथा भू-आकृतिक संरचनाओं, प्राकृतिक संसाधनों और मानव-पर्यावरण अंतःक्रिया को समझने के उद्देश्य से दिनांक 21-22 जनवरी 2026 को बस्तर क्षेत्र के प्रमुख स्थलों- चित्रकोट एवं तीरथगढ़ जलप्रपात तथा दंतेश्वरी मंदिर का द्विदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कार्यालय कर्मचारी एवं विद्यार्थी मिलाकर कुल लगभग 140 प्रतिभागी शामिल हुए। इस भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को नदी अपरदन से निर्मित स्थलरूपों, जलप्रपातों की संरचना, शैल-प्रकारों, क्षेत्रीय मृदा के स्वरूप, जलवायु की विशेषताओं, वनस्पति वितरण तथा कृषि प्रतिरूपों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मृदा, वनस्पति, जीव जंतु, जलवायु, कृषि के साथ-साथ बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति तथा उनके स्थानीय व्यापार का भी अध्ययन एवं अवलोकन किया, जिसमें स्थानीय जनजातियों की पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प तथा क्षेत्रीय बोली की जानकारी प्राप्त हुई। चित्रकोट जलप्रपात, जो इंद्रावती नदी पर स्थित है और जिसे 'भारत का नियाग्रा' भी कहा जाता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## टोलाघाट में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला 14 से

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 12 पाली परिक्षेत्र परसदा–टोला द्वारा ग्राम खट्टी के समीप खारुन नदी तट पर स्थित शिवधाम टोला घाट के श्री शिव मंदिर में 14 से 16 फरवरी तक त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि पर्व, सामाजिक सम्मेलन एवं लक्ष्मण झूला लोकार्पण का आयोजन किया जाएगा। निषाद समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि खारुन नदी के बीच में स्थापित शिव मंदिर वर्ष 1945 से संचालित है जहां 14 फरवरी को सामाजिक सम्मेलन, 15 फरवरी (महाशिवरात्रि) को विशेष पूजा-अर्चना के साथ भव्य मेला तथा 16 फरवरी को जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं समापन समारोह आयोजित होगा। तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष मनोहर निषाद के अनुसार कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजकों ने समाजजनों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## विकसित भारत 2047 पर की गई वाद-विवाद स्पर्धा

**अभनपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कला मंच अभनपुर इकाई द्वारा ओपन माइक अंतर्गत तात्कालिक भाषण,वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, सफलता और नैतिकता तथा मेरा गांव–मेरी भूमिका जैसे विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता अनिल अग्रवाल ने मंचीय अनुशासन और भाषण कला के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री प्रथम राव फूटाने ने 'विकसित भारत 2047' में युवाओं की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया। प्रतियोगिता में अंशु वर्मा ने प्रथम, प्रिया चक्रधारी ने द्वितीय तथा त्रिशा साहू, पूनम साहू और हिमांशी दिवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बलौदाबाजार विभाग संयोजक राधेश्याम साहू, महाविद्यालय सह प्रमुख दीप्ति मार्कण्डे, नगर कार्यकारिणी सदस्य अनीश सूर्यवंशी, निखिल साहू, विशु गुप्ता, नेहा साहू, धनेश्वरी खुटियारे एवं सुलोचना तारक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बजट : बजटीय प्रावधानों से स्वरोजगार के रास्ते खुलेंगे और बेरोजगारी पर अंकुश लगेगा**

# विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला है बजटः रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए वर्ष 2026-27 के बजट का राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित साहू ने सराहना करते हुए स्वागत किया है। विधायक साहू ने इस बजट को लोक कल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। विधायक रोहित साहू ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर किसानों के कल्याण को अपनी प्राथमिकता में रखा है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि और ग्रामीण विकास के लिए की गई घोषणाएं हमारे क्षेत्र जैसे कृषि प्रधान इलाकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक और उच्च पैदावार वाले बीजों से जोड़ने का निर्णय सराहनीय है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। विधायक ने युवाओं के लिए कौशल विकास और नए स्टार्टअप्स को मिलने वाले प्रोत्साहन को रेखांकित करते हुए कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की नींव को और पुख्ता करेगा। युवाओं को नए अवसर प्रदान करने के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों से स्वरोजगार के रास्ते खुलेंगे और



बेरोजगारी पर अंकुश लगेगा। टैक्स स्लैब में किए गए सुधारों और प्रक्रियाओं के सरलीकरण से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे, हाईवे और हवाई कनेक्टिविटी के लिए आवंटित भारी भरकम बजट से देश की रफ्तार बढ़ेगी। महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों और लखपति दीदी जैसी योजनाओं के लिए विशेष प्रावधान। सीमा शुल्क एकीकृत प्रणाली जैसे तकनीकी सुधारों से व्यापार में सुगमता आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बजट के माध्यम से भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। विधायक साहू ने इस दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

## अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा बजट : परदेसी राम

**नवापारा-राजिम।** आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026, 27 देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ने वाला दूरदर्शी बजट है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार यहां बजट समावेशी विकास आर्थिक मजबूती और सामाजिक संतुलन का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है यह बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने कहा कि यह बजट किसान गरीब महिला युवा मध्यम वर्ग और उद्यमियों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है बजट में सेमीकंडक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया है श्री साहू ने आगे कहा की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को मजबूत करने वाला यह बजट नए अवसरों के सृजन के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि



छोटे करदाताओं के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना और नए इनकम टैक्स एक्ट लागू करना कर प्रणाली को ज्यादा पारदर्शी और सरल बनाएगा साथ ही देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाना और बजट में मेंटल हेल्थ पर विशेष ध्यान देने से सामाजिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा विश्वास विकास और भविष्य की मजबूत नहीं रखने वाला यह बजट हर भारतीय के उज्जवल कल का आधार बनेगा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का इस जनहित ऐसी बजट के लिए आभार व्यक्त किया।

## विकसित भारत को गति देने वाला बजट : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने कहा कि बजट में देश को सशक्त, मजबूत व विकसित बनाने के साथ-साथ देशवासियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि करने व रोजगार के नये अवसर पैदा करने पर विशेष जोर दिया गया है। इस बजट से सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश और देशवासियों के हित से बढ़कर उनके लिए कुछ नहीं है। बजट में कृषि, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, शिक्षा, सुरक्षा, टेक्नोलॉजी सहित अन्य क्षेत्रों के लिए पिछले वर्षों की तुलना में अधिक राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे किसान, युवा, महिला शक्ति और आम नागरिक की तरक्की के लिए अधिक मौके उपलब्ध हो सके। देवांगन ने बताया की बजट में किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई गई है। साथ ही महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत स्थानीय उद्योग और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर ग्रामीणों के लिए रोजगार के



नए अवसर सृजित होंगे। वहीं शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का ऐलान किया गया है। उद्यमिता और दक्षता आधारित रोजगार पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा से रोजगार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत का कोर ड्राइवर सेवा क्षेत्र होगा। इसके तहत एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी, जो अक और अन्य नई प्रौद्योगिकियों के असर का आकलन करेगी और उनके आधार पर नीतियां बनाई जाएंगी। शिक्षा के क्षेत्र में खास घोषणा यह रही कि पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक गलियारों के पास स्थापित किए जाएंगे, जिससे छात्रों को उद्योग से जुड़े प्रैक्टिकल अनुभव मिल सकेगा।

## केंद्रीय बजट किसानों और देश के विकास का मजबूत आधार : जितेंद्र

**राजिम।** किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक एवं गरियाबंद जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे देश, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के लिए बेहद शानदार और दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि



यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। जितेंद्र सोनकर ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई, फसल बीमा, कृषि अवसंरचना और डिजिटल सुविधाओं के विस्तार से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे खेती लाभ का व्यवसाय बनेगी और ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण योजनाएं, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में निवेश तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी गई है, जिससे देश की आर्थिक गति और तेज होगी। मध्यम वर्ग को भी कर राहत एवं सुविधाओं के माध्यम से राहत देने का कार्य किया गया है। प्रदेश संयोजक सोनकर ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और भविष्य की मजबूत नींव है। यह बजट गांव, गरीब, किसान और युवा-सभी के सपनों को पूरा करने वाला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। किसान मोर्चा इस बजट का स्वागत करता है और इसे जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

## केंद्रीय बजट संबंधित विकास और राष्ट्र कल्याण के संकल्प का समुचित दस्तावेज : अशोक बजाज

**नवापारा राजिम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला



सीतारमण द्वारा वर्ष 2026 27 के लिए संसद में प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह समन्वित विकास और राष्ट्र कल्याण के संकल्प का समुचित दस्तावेज है, जो देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की दिशा में आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला एवं मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। श्री बजाज ने कहा कि इस ऐतिहासिक बजट में कृषि के क्षेत्र में एआई तकनीक से किसी उत्पादन बढ़ाने, पशुपालन मत्स्य पालन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। श्री बजाज ने कहा कि इस बजट के माध्यम से सरकारी समितियां व संस्थाओं को सशक्त बनाकर सरकार से समृद्धि लाने का प्रयास हुआ है, साथ ही साथ ग्रामीण रोजगार व आजीविका योजनाओं को फोकस किया गया है। उन्होंने महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना लागू करने का स्वागत करते हुए कहा कि इस योजना से खादी, हाथ करघा और हस्तशिल्पों को बढ़ावा मिलेगा।

## केंद्रीय बजट सर्वस्पर्शी और भविष्य गढ़ने वाली : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के



जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने इसे सर्वस्पर्शी और भविष्य गढ़ने वाली बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट मोदी जी के विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने की दिशा में एक सुदृढ़ कदम है। भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस बजट में समाज के हर तबके,चाहे वह किसान हो, युवा हो, महिला हो या मध्यम वर्ग सभी के लिए प्रावधान किए हैं। उन्होंने मुख्य रूप से देश की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा। चंद्रशेखर साहू ने आगे कहा कि इस बजट से छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रक्षा बजट में की गई बढ़ोतरी और रेल गलियारों के विस्तार से कनेक्टिविटी बढ़ेगी जिसका सीधा लाभ स्थानीय व्यापार और पर्यटन को होगा। यह बजट अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध करने वाला है। इसमें गरीब कल्याण से लेकर आधुनिक भारत की तकनीक तक, हर पहलू को शामिल किया गया है। यह सही मायने में एक आत्मनिर्भर और गौरवशाली भारत की नींव को मजबूत करने वाला बजट है।

## किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट : साहू

**नवापारा-राजिम।** लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि आम बजट गांव और गरीब की, कृषि और किसान की तस्वीर तथा तकदीर बदलने वाला बजट है। किसान कल्याण केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बजट में किसान को केंद्र में रखकर ऐसे निर्णय लिए गए हैं, जो किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। कृषि



संसाधनों तक किसानों की आसान पहुँच के लिए भारत विस्तार नाम से एक बहुभाषी एआई आधारित प्रणाली विकसित की जाएगी, जो कृषि से जुड़े विभिन्न पोर्टलों और कउअफ द्वारा सुझाई गई आधुनिक कृषि पद्धतियों को एक ही मंच पर जोड़ेगी, ताकि किसानों को सही जानकारी, सही समय पर और अपनी भाषा में मिल सके। भारतीय कृषि विकसित बने और किसान आत्मनिर्भर हों, इसके लिए बजट में कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र के लिए 1 लाख 62 हजार 671 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। साथ ही ग्रामीण विकास के लिए 2 लाख 73 हजार 108 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, ताकि गांव ग्रोथ (विकास) के इंजिन बन सकें। श्री साहू ने कहा कि आम बजट 2026 -27 सबका साथ-सबका विकास और विकसित भारत की परिकल्पना को गति देने वाला है। यह बजट जनकल्याणकारी अवधारणा को पुष्ट करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐसा उल्लेखनीय और जनहितकारी बजट प्रस्तुत करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मोदी सरकार धन्यवाद और

# राजिम भाजपा मंडल ने सामूहिक रूप से सुना बजट भाषण, घर-घर जाकर योजनाएं बताने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



भाजपा मंडल राजिम द्वारा केंद्रीय बजट का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम उपाध्याय निवास में आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प का सशक्त प्रतिबिंब है। यह बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण का ठोस रोडमैप है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि अवसंरचना को मजबूत करने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्टार्टअप को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत की नींव और मजबूत की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रेल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ा हुआ निवेश देश के समग्र विकास को नई दिशा देगा। राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस बजट की प्रमुख विशेषताओं को घर-घर तक पहुंचाकर आम जनता को जागरूक करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में न.पा उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, शैलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष भारत सिन्हा,नारायण साहू, लोकेश सोनी, युवराज साहू, सभापति आकाश सिंह राजपूत, आशीष पांडे, बादल साहू,ऋषि दुबे, शिवकुमार साहू, शरद पारकर, श्रेयांस उपाध्याय, ओंकार यदु, राजेंद्र साहू, ईश्वर साहू, कन्हैया पटेल, महेश देवांगन, अरविंद गुप्ता, लिकेश्वर साहू, युगल किशोर साहू, लालजी साहू मौजूद थे।

# पूर्ण पेंशन शिक्षकों का सबसे बड़ा मुद्दा : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि एल बी संवर्ग के शिक्षक जीरो पेंशन में रिटायर हो रहे है, यह सौ टके की बात है कि शिक्षकों की स्थिति को देखते हुए पूर्ण पेंशन सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है, पुरानी पेंशन के समय से नियुक्त 1998 के शिक्षक भी पुरानी पेंशन से वंचित है और अब 1998 व 2005 में नियुक्त शिक्षक लगातार रिटायर होते जा रहे हैं, हजारों शिक्षक ऐसे हैं जो न्यूनतम पेंशन के दायरे में नहीं आ रहे हैं क्योंकि संविलियन के पश्चात 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षक ही न्यूनतम पेंशन के दायरे में आएंगे।ऐसे में 2018 में संविलियन हुए शिक्षक संवर्ग 2028 में रिटायर होने वाले हजारों शिक्षक जीरो पेंशन में रिटायर हो रहे हैं यह अत्यंत दुखद है, अगर करीब से उन्हें आप देखेंगे तो उनकी पीड़ा को समझ सकेंगे।60



हजार 80 हजार और 90 हजार अंतिम वेतन प्राप्त करने वाले शिक्षक,जीरो पेंशन में रिटायर हो रहे है और उनकी स्थिति बदतर होती जा रही है।समाज में इससे शिक्षकों का सम्मान बिगड़ता जा रहा है, रहन-सहन का स्तर रिटायर होने के बाद न्यून होता जा रहा है।परिवार परेशानी में आ रहा है।स्वास्थ्य सुविधाएं नही जुटा पा रहे है। छोटे-मोटे व दूसरे कार्य करने के लिए रिटायर शिक्षक मजबूर हो रहे हैं। हालांकि यह पीड़ा आज हमारे रिटायर शिक्षकों की है लेकिन गंभीरता से अगर आप चिंतन करें तो यह पीड़ा हम सबकी है जिन्हें 33 वर्ष की सेवा पूर्ण नहीं होगा वे सारे शिक्षक अल्प पेंशन के दायरे में आएंगे अर्थात अंतिम माह के वेतन का 50% वेतन - पेंशन में नहीं मिलेगा और जीरो पेंशन का दर्द आज हजारों शिक्षकों के सामने सुरसा की भांति खड़ा है,,जीरी पेंशन वाले कुछ शिक्षक हमे दिख भी रहा है और यह लगातार ही आता जा रहा है।इसी प्रकार से निरंतर रिटायर होने वाले शिक्षकों की संख्या बढ़ती जाएगी और वह आशिक पेंशन के दायरे में आएंगे,जिससे परिवार का आगे महंगाई के दौर में भरण पोषण भी असंभव होता जाएगा।यह ज्वलंत विषय है इसीलिए है क्योंकि माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ द्वारा पूर्व सेवा को रेखांकित किया गया है, उन्होंने कहा है कि संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओ द्वारा दी गई



दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर एसोसिएशन द्वारा हाई कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के तहत पूर्व सेवा गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने हेतु आदेश जारी करने की मांग की जा रही है।और इसीलिए हम पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मानने का अभियान चला रहे है, सेवा में रहते जितने भी गुलाटिया लेंगे लेकिन सेवानिवृत्ति होने के बाद भौतिक साधनों को जुटाने में असंभव स्थिति बनेगी इसीलिए एल बी संवर्ग के इस विषय को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की ओर से लगातार पुरानी पेंशन की बात को हर संभव मंच पर उठाया जा रहा है और यही विषय हम सभी के लिए प्रमुख विषय बना हुआ है।

# जनगणना 2027 प्रश्नावली में ओबीसी कॉलम गायब होने पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष फलेंद्र साहू ने ज्ञापन सौंपे कर मांग की है कि मकान-सूचीकरण के लिए 33 बिन्दु प्रश्नावली के प्रश्न कं. 12 में ओबीसी श्रेणी की जानकारी तत्काल शामिल करने के लिए हाल ही में जारी जनगणना 2027 के प्रथम चरण-हाउसलिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना के प्रश्नावली में प्रश्न कं. 12 विशेष चिंता का विषय बना हुआ है।

इस प्रश्न में केवल अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और अन्य का विकल्प दिया गया है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग का कोई उल्लेख नहीं है।यह तथ्य अत्यंत गंभीर है, क्योंकि भारत सरकार ने सार्वजनिक रूप / सवघोषणा की थी कि जनगणना 2027 में जाति आधारित गणना शामिल की जाएगी। ऐसे में प्रथम आधिकारिक प्रपत्र में ओबीसी का स्पष्ट उल्लेख न होना कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े करता है। 1- प्रश्न संख्या 12 में ओबीसी श्रेणी का उल्लेख क्यों नहीं है? ओबीसी भारत की सामाजिक संरचना, आरक्षण व्यवस्था और कल्याणकारी नीतियों का सबसे बड़ा घटक है। इसके बावजूद इस श्रेणी का न होना यह संकेत देता है की



ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

ओबीसी परिवारों की पहचान, वर्गीकरण और गणना किस प्रकार की जाएगी-इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। क्या यह संकेत है कि सरकार ने ओबीसी जाति जनगणना को त्याग दिया है? यह चिंता इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि-सरकार ने पहले संसद और सर्वोच्च न्यायालय में जाति जनगणना का विरोध किया था। बाद में न्याय योद्धा एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और आमजन के दबाव में घोषणा की गई कि कास्ट एन्यूमरेशन जनगणना 2027 में शामिल होगा। लेकिन जारी प्रश्नावली इस घोषणा के विपरीत प्रतीत होती है।इस विरोधाभास ने व्यापक आशंका पैदा की है कि ओबीसी जाति जनगणना को टाला, कमजोर या व्यवहारिक रूप से समाप्त किया जा रहा है। आपसे निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी अपेक्षित हैः (क) ओबीसी गणना किस चरण में और किस प्रकार की जाएगी? क्या इसे जनसंख्या गणना (Phase 2) में शामिल किया गया है? कौन से प्रश्न पूछे जाएंगे? क्या इसकी कार्यप्रणाली अंतिम रूप ले चुकी है? (ख) जाति-आधारित गणना की संपूर्ण रूपरेखा सार्वजनिक की जाए, यह राष्ट्रीय महत्व का विषय है, इसकी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। राजनीतिक दलों, राज्य सरकारों, ओबीसी संगठनों के पदाधिकारियों और विशेषज्ञों से परामर्श किया जाए, सार्थक जाति गणना के लिए व्यापक परामर्श अनिवार्य है। जनगणना भारत गणराज्य का सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय अभ्यास है। यदि इसकी प्रक्रिया में अस्पष्टता रहेगी, विशेषकर जाति गणना जैसे संवेदनशील विषय पर, तो इससे न केवल आंकड़ों की विश्वसनीयता प्रभावित होगी बल्कि जनता का विश्वास भी कमज़ोर होगा।

